# 2025

## HINDI — MDC

**Paper : MN-2**

**[Adhunik Hindi Kavita (Chhayavad Tak)]**

**Full Marks : 75**

*The figures in the margin indicate full marks.*

*Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.*

**[आधुनिक हिन्दी कविता (छायावाद तक)]**

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) लोग समझते
मैं उसको व्यक्तित्व दे रहा
कला स्पर्श से!
मुझको लगता
वही कला को देता निज व्यक्तित्व
स्वयं व्यक्तित्वान
ज्योतिर्मय जो!
सूरज में लिपटा
श्री शुभ्र धूप का टुकड़ा
वह रे स्वंयप्रकाश
अखंड प्रकाशवान।

(ख) दिये हैं मैंने जगत को फूल-फल,
किया है अपनी प्रतिभा से चकित-चल;
पर अनश्वर था सकल पल्लवित पल–
ठाट जीवन का वही
जो ढ़ह गया है।

(ग) भर रही कोकिला इधर तान,
मारु बाजे पर उधर गान,
है रंग और रण का विधान,
मिलने आए हैं आदि-अंत,
वीरों का कैसा हो बसंत?

Please Turn Over

(घ) आज करना है जिसे करते उसे हैं आज ही
सोचते कहते हैं जो कुछ कर दिखाते हैं वही
मानते जो की हैं, सुनते हैं सदा सबको कही
जो मदद करते हैं अपनी इस जगत में आप ही
भूल कर वे दूसरों का मुँह कभी ताकते नहीं
कौन ऐसा काम है वे कर जिसे सकते नहीं।

(ङ) आज जिस पर प्रलय विस्मित
मैं लगाती चल रही नित
मोतियों की हाट औं
चिनगारियों का एक मेला
हास का मधु-दूत भेजो
रोष की भ्रू-भंगिमा पतझर को चाहे सहे जो
ले मिलेगा उर अचचंल
वेदना-जल, स्वप्न-शतदल
जान लो वह मिलन एकाकी
विरह में है दुकेला!

2. किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) पठित कविताओं के आधार पर सूर्यकांत त्रिपठी 'निराला' की काव्यगत विशेषताओं का मूल्यांकन कीजिए।

(ख) 'अरूण यह मधुमय देश हमारा' कविता का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित मुकरियों के महत्त्व को रेखांकित कीजिए।

(घ) मैथिलीशरण गुप्त की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) 'मौन निमंत्रण' कविता का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए।

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर दीजिए : 1×9

(क) 'आँसू' के रचनाकार कौन हैं?

(ख) 'त्रिधारा' किसका काव्य-संकलन है?

(ग) 'भीतर-भीतर सब रस चूसै'– यह पंक्ति किसकी है?

(घ) 'भारत-भारती' के रचनाकर कौन हैं?

(ङ) सुमित्रानंदन पंत के किसी एक काव्यसंग्रह का नाम लिखिए।

(च) अयोध्या सिंह उपाध्याय किस युग के कवि हैं?

(छ) महादेवी वर्मा के एक काव्यसंग्रह का नाम लिखिए।

(ज) 'जूही की कली' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(झ) 'चिदंबरा' किसकी रचना है?